**Series : EFGH/S**

**SET ~ 2**

प्रश्न-पत्र कोड **4/S/2**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

#

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ**।*

*(iii) **खण्ड क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।*

*(iv) **खण्ड ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(v) **खण्ड ग** पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*

*(vi) **खण्ड घ** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*

*(vii) यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

'शांति' शब्द कहने में जितना सहज और सरल प्रतीत होता है, वास्तव में अर्थ की दृष्टि से यह उतना ही गहरा और गूढ़ है। संसार का प्रत्येक मनुष्य आज शांति की तलाश में लगा हुआ है। लेकिन आज के भौतिकतावादी मनुष्य को सही मायने में शांति का अर्थ ही नहीं पता है। कभी शांति प्राप्त करने के लिए एकांत स्थान ढूँढ़ा जाता है, तो कभी प्रकृति की गोद में जाकर शांति को ढूँढ़ने का प्रयत्न किया जाता है।

सवाल है कि क्या मनुष्य के लिए ये सारे प्रयत्न सार्थक सिद्ध होते हैं ? संभवत: नहीं; क्योंकि शांति को हासिल करने में इन कारकों की भूमिका गौण होती है। दरअसल शांति एक ऐसा सुंदर भाव है जो हमारे अंतर्मन में अपने-आप ही प्रस्फुटित होता है।

सच तो यह है कि मनुष्य अंतर्मन में लालच, ईर्ष्या, द्वेष, छल-कपट, धन-दौलत और भी न जाने ऐसे कितने विचार एवं विषय बादलों की तरह उमड़-घुमड़ कर रहे होते हैं। ये विचार और दुर्गुण इस तरह छिपे होते हैं कि हमें यह अहसास नहीं होने देते कि उनका हमारे साथ होना ही हमारी प्रगति और लक्ष्य प्राप्ति में सबसे बड़ी बाधा है। दरअसल, ये सभी ऐसे कारक हैं जो हमारी अक्ल पर पर्दा डालने का काम बखूबी करते हैं। लिहाज़ा हम यह समझ नहीं पाते कि शांति की तलाश के लिए हमें जब भी निकलना है उससे पहले इन सबको त्यागना होगा।

(i) शांति के संबंध में उपयुक्त कथन है : *1*

(A) यह सरल और सहज रूप में उपलब्ध है।
(B) यह अत्यंत गूढ़ और गहरे अर्थ वाली है।
(C) बाह्य कारक इसका उपलब्ध होना सुनिश्चित करते हैं।
(D) अंतर्मन के दुर्गुण इसके उपलब्ध होने में सहायक हैं।

(ii) इंसान का दुर्गुण ***नहीं*** है : *1*

(A) किसी के प्रति छल-कपट
(B) सफलता प्राप्ति की आकांक्षा
(C) दूसरों के प्रति द्वेष-भाव
(D) धन-दौलत की महती कामना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : शांति को प्राप्त करने में अंतर्मन की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

*कारण* : शांति की प्राप्ति मनुष्य मात्र की सामाजिक अनिवार्यता है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(B) कथन तथा कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

(iv) शांति को प्राप्त करने के लिए मनुष्य के सारे प्रयास विफल क्यों हो जाते हैं ? *2*

(v) शांति को प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए ? *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

जैविक खेती कृषि की एक ऐसी विधि है जो फ़सल उगाने और पशुओं को पालने के लिए प्राकृतिक प्रक्रियाओं और सामग्रियों पर निर्भर करती हैं। इसमें कीटनाशकों, उर्वरकों और रसायनों का उपयोग नहीं किया जाता बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने के लिए खाद, गोबर और फ़सल चक्र का उपयोग किया जाता है। जैविक खेती टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देती है, मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती है, प्रदूषण को कम करती है और जैव-विविधता की भी रक्षा करती है।

ब्रिटिश वनस्पतिशास्त्री सर अल्बर्ट हॉवर्ड को आधुनिक जैविक कृषि का जनक कहा जाता है। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पारंपरिक कृषि में आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान और विधियों को लागू किया था।

जैविक विधि द्वारा खेती करने से उत्पादन की लागत तो कम होती ही है इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार की स्पर्धा में जैविक उत्पाद अधिक खरे उतरते हैं। जिसके फलस्वरूप सामान्य उत्पादन की अपेक्षा कृषकों को भी अधिक लाभ प्राप्त होता है। मानव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए नितांत आवश्यक है कि प्राकृतिक संसाधन प्रदूषित न हो, शुद्ध वातावरण रहे एवं पौष्टिक आहार मिलता रहे, इसके लिए हमें जैविक खेती की कृषि पद्धतियों को अपनाना होगा जो कि हमारे नैसर्गिक संसाधनों एवं मानवीय पर्यावरण को प्रदूषित किए बगैर समस्त जनमानस को खाद्य सामग्री उपलब्ध करा सकेगी तथा हमें खुशहाल जीने की राह दिखा सकेगी।

(i) 'जैविक खेती', कृषि की एक ऐसी विधि है जिसमें फ़सल उगाने के लिए : *1*

(A) आधुनिक संसाधनों का प्रयोग किया जाता है

(B) कीटनाशकों और रासायनिक खाद का प्रयोग किया जाता है

(C) प्राकृतिक प्रक्रियाओं और संसाधनों का प्रयोग किया जाता है

(D) मिट्टी में उर्वरकों का भरपूर प्रयोग किया जाता है



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(ii) मिट्टी के स्वास्थ्य से अभिप्राय ***नहीं*** है : *1*

(A) मिट्टी की गुणवत्ता

(B) मिट्टी की विविधता

(C) मिट्टी की पोषकता

(D) मिट्टी की उर्वरता

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : मानव-जीवन की खुशहाली के लिए जैविक खेती एक उत्तम पद्धति है।

*कारण* : यह प्रकृति और पर्यावरण को दूषित किए बिना पोषक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराती है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(B) कारण सही है, लेकिन कथन ग़लत है।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(iv) जैविक खेती किसानों के लिए लाभप्रद कैसे है ? *2*

(v) वर्तमान समय में जैविक खेती को बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है ? *2*

## खण्ड ख
## (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) 'हरिहर काका अनाथ और बेसहारा जीवन जी रहे थे।' – वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ख) किसी वाक्य में क्रिया-विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ?

(ग) 'सामान <u>उस कमरे के बाहर</u> रखा था।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।

(घ) 'सदा शोर मचाने वाले तुम आज चुप क्यों हो ?' – वाक्य में से सर्वनाम पदबंध को पहचानकर लिखिए।

(ङ) '<u>मिलती-जुलती कुछ</u> आदतें हम सभी की थीं।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**4.** ‘रचना के आधार पर वाक्य भेद’ पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) ‘सुलेमान ने उनकी बातें सुनी और थोड़ी दूर पर रुक गए ।’ – मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ख) ‘हरिहर काका नाराज़ होकर घर से निकल पड़े।’ – संयुक्त वाक्य में बदलिए।

(ग) ‘यदि हरिहर काका जैसे लोग आसपास हों तो उनकी सहायता करनी चाहिए।’ – सरल वाक्य में बदलिए।

(घ) मिश्र वाक्य का एक उदाहरण लिखिए।

(ङ) ‘योजना यह है कि वह किसी तरह नेपाल पहुँच जाए।’ – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद का नाम लिखिए।

**5.** ‘समास’ पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) ‘जीवन भर’ का समस्तपद बनाकर समास का नाम लिखिए।

(ख) ‘षड़ानन’ समस्तपद का विग्रह करते हुए समास के भेद का नाम लिखिए।

(ग) ‘कर्मधारय समास’ में कौन-सा पद प्रधान होता है ?

(घ) ‘नीलगगन’ समस्तपद का विग्रह करके समास का भेद बताइए।

(ङ) ‘पाँच तत्त्वों का समाहार’ समस्तपद लिखकर समास का नाम लिखिए।

**6.** ‘मुहावरे’ पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

(क) ‘अन्याय के विरुद्ध ____________ हर किसी की जिम्मेदारी है।’ – उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ख) ‘सिर-आँखों पर उठाकर रखना’ मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(ग) ‘धूल चटाना’ और ‘धूल फाँकना’ मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(घ) ‘दादी की हर बात उसके दिल में उतर जाती थी।’ – पंक्ति में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ङ) ‘दुखी को और दुखी करना’ अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE
www.studentbro.in

## खण्ड ग

### (पाठ्य-पुस्तक)

**7.** निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

विपदाओं से मुझे बचाओ, यह मेरी प्रार्थना नहीं
केवल इतना हो (करुणामय)
कभी न विपदा में पाऊँ भय।
दु:ख-ताप से व्यथित चित्त को न दो सांत्वना नहीं सही
पर इतना होवे (करुणामय)
दुख को मैं कर सकूँ सदा जय।
कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन में ना मानूँ क्षय॥

(i) कवि प्रभु से क्या चाहता है ? *1*

(A) सुख (B) शांति
(C) सहयोग (D) मनोबल

(ii) विषम परिस्थितियों में कवि क्या करना चाहता है ? *1*

(A) परिस्थितियों से डरना (B) हालात से समझौता करना
(C) मानसिक रूप से डरना (D) मानसिक रूप से मज़बूत होना

(iii) 'दु:ख-ताप' का अर्थ है : *1*

(A) भीषण गर्मी (B) भीषण शीत
(C) भीषण दुख (D) भीषण सुख

(iv) 'लाभ अगर वंचना रही' का क्या आशय है ? *1*

(A) कर्म के अनुकूल परिणाम न मिलना (B) परिणाम के अनुरूप कर्म न करना
(C) कर्म और परिणाम के बीच संतुलन (D) व्यापार में लाभ की जगह हानि



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : जीवन में कठिन परिस्थितियों का आना अवश्यंभावी है।

*कारण* : जीवन सुखद-दुखद परिस्थितियों के मध्य आगे बढ़ता है।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से उद्धृत पंक्ति 'उठ रहा धुआँ, जल गया ताल' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'मनुष्यता' कविता में कवि मृत्यु से न डरने की सीख क्यों देता है ?

(ग) कबीर जागे हुए अर्थात् ज्ञानी होने पर भी दुखी हैं। पठित दोहे के आधार पर कारण बताइए।

(घ) मीरा किन लाभों की प्राप्ति के लिए कृष्ण की चाकरी करना चाहती हैं ?

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर दीजिए : *5×1=5*

मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था पर तब भी कई जगह तो भोर में ही झंडा फहराया गया। श्रद्धानंद पार्क में बंगाल प्रांतीय विद्यार्थी संघ के मंत्री अविनाश बाबू ने झंडा गाड़ा तो पुलिस ने उनको पकड़ लिया और लोगों को मारा या हटा दिया। तारा सुंदरी पार्क में बड़ा-बाज़ार काँग्रेस कमेटी के युद्ध मंत्री हरिश्चंद्र सिंह झंडा फहराने गए पर वे भीतर न जा सके। वहाँ पर काफ़ी मारपीट हुई और दो-चार आदमियों के सिर फट गए। गुजराती सेविका संघ की ओर से जुलूस निकला जिसमें बहुत-सी लड़कियाँ थीं उनको गिरफ़्तार कर लिया।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भी लोगों द्वारा अपने-अपने तरीके से उस दिन को मनाया जाना क्या दर्शाता है ? *1*

(A) आज़ादी के लिए उत्साह

(B) अंग्रेज़ों से दुश्मनी

(C) उत्सव से प्रेम

(D) पुलिस से वैर-भाव

(ii) मोनुमेंट को पुलिस ने सुबह से ही क्यों घेर लिया था ? *1*

(A) अविनाश बाबू को झंडा फहराने से रोकने के लिए

(B) वहाँ किसी तरह का जमावड़ा होने से रोकने के लिए

(C) हरिश्चंद्र सिंह को झंडा फहराने से रोकने के लिए

(D) पुरुषोत्तम दास को झंडा फहराने से रोकने के लिए

(iii) सभा कहाँ होने वाली थी ? *1*

(A) तारा सुंदरी पार्क में

(B) बड़ा-बाज़ार में

(C) श्रद्धानंद पार्क में

(D) मोनुमेंट के नीचे

(iv) पुलिस ने अविनाश बाबू के साथ क्या किया ? *1*

(A) उन्हें हिरासत में ले लिया

(B) उनके कार्यक्रम में सहयोग किया

(C) उनका बहुत मान-सम्मान किया

(D) उन्हें झंडा फहराने पर मारा-पीटा

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : जुलूस में शामिल लड़कियों की गिरफ़्तारी अंग्रेज़ी शासन की दमनकारी नीति को दर्शाता है।

*कारण* : स्वतंत्रता दिवस की पुन:गाँठ को मनाकर लोग अंग्रेज़ों के प्रति अपनी नफ़रत का प्रदर्शन कर रहे थे।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों सही हैं।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण ग़लत है।

(D) कथन ग़लत है, लेकिन कारण सही है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) तताँरा किसी के सामने अपनी तलवार का प्रयोग नहीं करता था, परंतु पशु-पर्व में अपने क्रोध को शांत करने के लिए उसने सबके सामने अपनी तलवार का उपयोग किया। पशु-पर्व में तताँरा के क्रोधित होने के कारणों पर प्रकाश डालिए।

(ख) बड़े भाईसाहब को तात्कालिक शिक्षा व्यवस्था से क्या-क्या शिकायतें थीं ? 'बड़े भाईसाहब' कहानी के आधार पर लिखिए।

(ग) वर्तमान में लगभग पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और विविध प्रकार के प्रदूषणों की चपेट में है। 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए कि प्रकृति में आए इन परिवर्तनों के क्या कारण हैं ?

(घ) लेखक ने चा-नो-यू विधि को जापानियों के लिए वरदान क्यों माना है ? 'झेन की देन' पाठ के संदर्भ में लिखिए।

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) एकल परिवार के बढ़ते प्रचलन के साथ समाज में हरिहर काका जैसे बुज़ुर्गों की संख्या और समस्या और बढ़ती जा रही है। ऐसे लोगों की समस्या के समाधान के लिए युवा क्या कर सकते हैं ?

(ख) 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए कि 'टोपी' के साथ उसके घरवालों का व्यवहार कैसा था ? अगर टोपी की जगह आप होते तो क्या करते ?

(ग) 'सपनों के-से दिन' पाठ में गर्मियों की छुट्टियों का होमवर्क करने की जगह बच्चों का 'ओमा' जैसा बनने की कल्पना करने को क्या आप उचित मानते हैं ? तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

## खण्ड घ

## (रचनात्मक लेखन)

12. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(क) आप अक्षय/अक्षिता हैं। अपने विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड की सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ताकि विद्यार्थी बदलते समय के साथ तकनीकी विकास का लाभ ले सकें और आधुनिक तरीके से शिक्षा ग्रहण कर सकें।

**अथवा**

(ख) आप अक्षय/अक्षिता हैं। देश में फास्ट फूड के बढ़ते प्रचलन के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**13.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) सोशल मीडिया : एक संचार क्रांति
संकेत-बिंदु

- सोशल मीडिया क्या है ?
- संचार के क्षेत्र में क्रांति कैसे ?
- युवाओं पर प्रभाव
- समस्याएँ

(ख) स्वरोज़गार : बेरोज़गारी का समाधान
संकेत-बिंदु

- स्वरोज़गार का अर्थ
- वर्तमान में इसकी आवश्यकता क्यों ?
- देश की अर्थव्यवस्था में सहायक
- समस्याएँ

(ग) तीव्र विकास और जलवायु परिवर्तन
संकेत-बिंदु

- तीव्र विकास का आशय
- वर्तमान में चर्चा क्यों ?
- जलवायु पर प्रभाव
- समाधान

**14.** (क) 'सर्दियों के दिन थे और दोपहर का समय। मैं अपने ही विचारों में मग्न सड़क पर चला जा रहा था तभी मेरी नज़र ................' पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। *5*

**अथवा**

(ख) आप अक्षय/अक्षिता हैं। आपके क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या हो रही है। इस समस्या का शीघ्र निदान करने का निवेदन करते हुए जल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**15.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए : *3*

(क) आपने हाल ही में शास्त्रीय संगीत प्रशिक्षण केंद्र खोला है। अपने इस केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) 'डेंगू से बचाव' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : *4*

(क) आप 'जन-कल्याण सोसायटी' के सचिव प्रेम/प्रीति हैं। पानी के पाइप के क्षतिग्रस्त होने के कारण दो-दिन पानी की आपूर्ति बाधित होने की जानकारी सोसायटी निवासियों को देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों को बोर्ड की परीक्षा के अनुक्रमांक पत्र आबंटित किए जाने की जानकारी देने हेतु राजकीय वरिष्ठ विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Marking Scheme**
**Strictly Confidential**
**(For Internal and Restricted use only)**
**SECONDARY SCHOOL SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2025**
**SUBJECT NAME : HINDI COURSE B (SUB. CODE-085)**

**General Instructions: -**

| | |
|---|---|
| **1** | You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully. |
| **2** | **"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in Newspaper/Website, etc. may invite action under various rules of the Board and IPC."** |
| **3** | Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In class-X, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.** |
| **4** | The Marking Scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly. |
| **5** | The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after deliberation and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators. |
| **6** | Evaluators will mark ( √ ) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X' be marked. Evaluators will not put right (✓) while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.** |
| **7** | If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly. |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | |
|---|---|
| 8 | If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly. |
| 9 | If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**. |
| 10 | No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once. |
| 11 | A full scale of marks __________(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it. |
| 12 | Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper. |
| 13 | Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:-<br>● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book.<br>● Giving more marks for an answer than assigned to it.<br>● Wrong totaling of marks awarded on an answer.<br>● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page.<br>● Wrong question wise totaling on the title page.<br>● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page.<br>● Wrong grand total.<br>● Marks in words and figures not tallying/not same.<br>● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list.<br>● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.)<br>● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded. |
| 14 | While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0) Marks. |
| 15 | Any unassessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously. |
| 16 | The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for Spot Evaluation**" before starting the actual evaluation. |
| 17 | Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words. |
| 18 | The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme. |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Set 4**

# MARKING SCHEME
## Hindi Course B
## (SUB. CODE-085)

| SET | | | EXPECTED ANSWER/VALUE POINTS | Distribu-tion of Marks | Total Marks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | |
| Q. No. | | | | | |
| | | | **सामान्य निर्देश :** | | |
| | | | 1. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।<br>2. प्रश्न–पत्र में बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।<br>3 अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं । ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं ।<br>4. यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिंदुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ ।<br>5. मूल्यांकन–कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।<br>6. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटा जाए ।<br>7. मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 का प्रयोग अभीष्ट है । | | |
| | | | **उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु**<br>**खंड – क (अपठित बोध)** | | **14** |
| 1 | | | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न – | | **7** |
| | | | (i) (C) प्राकृतिक प्रक्रियाओं और संसाधनों का प्रयोग किया जाता है । | **1** | |
| | | | (ii) (B) मिट्टी की विविधता | **1** | |
| | | | (iii) (D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं ....... सही व्याख्या करता है । | **1** | |
| | | | (iv) • उत्पादन की लागत कम होने के कारण<br>• अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में इसके उत्पाद खरे उतरने के कारण | **1+1=2** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (v) • पर्यावरण और प्रकृति के लिए हितैषी<br>• किसानों के लिए लाभप्रद होने के कारण<br>• पोषक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के कारण<br>• जैव-विविधता की रक्षा करने के कारण<br>(कोई **दो** बिंदु अपेक्षित) | **2** | |
| **2** | | | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न<br>(क) B – यह अत्यंत गूढ़ और गहरे अर्थवाली है ।<br>(ख) B – सफलता प्राप्ति की आकांक्षा<br>(ग) A – कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है ।<br>(घ) • – मनुष्य की शांति की तलाश आवरणी<br>• – मनुष्य के अंतर्मन का लालच, ईर्ष्या-द्वेष, छल-कपट, धन-दौलत की आकांक्षा जैसे दुर्गुणों से ग्रस्त होना, मनुष्य का इनको न पहचान पाना ।<br>(ङ) • – बाहरी कारकों पर ध्यान देने के बजाए अपने अंतर्मन के विकास पर ध्यान लगाना ।<br>• – अपने मन को ईर्ष्या-द्वेष, छल-कपट, लालच, अधिक धन-दौलत जैसे विषयों और विचारों से मुक्त करना । | | **7** |
| | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | | **16** |
| **3** | | | 'पदबंध' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) एक छोटा-सा मंदिर – संज्ञा पदबंध<br>(ख) विद्यालय के अध्यापकों में से कुछ – सर्वनाम पदबंध<br>(ग) जब पदबंध का शीर्ष पद क्रिया हो और अन्य पद उस पर आश्रित हों । एकाधिक क्रिया<br>(घ) काफी देर तक – क्रियाविशेषण<br>(ङ) घी टपकते – विशेषण पदबंध | **1×4 = 4** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4** | | | 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) जब जगह कम पड़ी तब वह उकड़ूँ बैठ गया । **या** क्योंकि जगह कम पड़ने लगी इसलिए वह उकड़ूँ बैठ गया ।<br>(ख) पिता कुएँ से नहाकर लौटे और माँ ने उन्हें भोजन परोसा ।<br>(ग) संयुक्त वाक्य<br>(घ) सरल वाक्य का कोई भी उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य<br>(ङ) हमें उसके इन्हीं जंगलों में होने की बात अच्छी तरह मालूम है । | **1×4 = 4** | |
| **5** | | | 'समास' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) बेवजह – अव्ययीभाव समास<br>(ख) चक्रपाणि–चक्र है पाणि में जिसके अर्थात् विष्णु – बहुव्रीहि समास<br>(ग) दोनों पद प्रधान – द्वंद्व समास<br>(घ) क्रोध रूपी अग्नि – कर्मधारय समास<br>(ङ) सतसई – द्विगु समास | **1×4 = 4** | |
| **6** | | | 'मुहावरे' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) दबे पाँव जाना / वाक्य में प्रयुक्त रूप – दबे पाँव गया<br>(ख) मृत्यु का सामना करने के लिए तैयार होना – पठित पाठों के संदर्भ में मुहावरे का कोई भी उपयुक्त वाक्य प्रयोग स्वीकार्य ।<br>(ग) आँखें फोड़ना – बहुत अधिक पढ़ना/रात–दिन पढ़ना<br>आँख दिखाना – डराना<br>(घ) सुराग न मिलना – मुहावरे का वाक्य प्रयोग परीक्षार्थी स्वयं करेंगे ।<br>(ङ) आटे–दाल का भाव मालूम होना – मुहावरे का कोई भी उपयुक्त वाक्य प्रयोग स्वीकार्य । | **1×4 = 4** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)** | | **28** |
| **7** | | | पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) (i) आज़ादी के लिए उत्साह<br>(ख) (ii) वहाँ किसी तरह का जमावड़ा होने से रोकने के लिए<br>(ग) (iv) मोनुमेंट के नीचे<br>(घ) (i) उन्हें हिरासत में ले लिया<br>(ङ) (iii) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है । | **1×5 = 5** | |
| **8** | | | किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित –<br>(क) • वामीरो के दुःख और रुदन से विचलित परंतु उसकी सहायता कर पाने में अक्षम<br>• वामीरो की माँ द्वारा सबके सामने किया गया अपमान, गाँव वालों का वामीरो की माँ के साथ होना<br>• इन सब बातों के कारण क्रोधित परंतु उपयुक्त प्रतिक्रिया न दे पाना, किंकर्त्तव्यविमूढ़ता की स्थिति ।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>(ख) • किताबी ज्ञान और रटंत विद्या पर जोर, व्यावहारिकता से दूर और वास्तविक जीवन से संबंधित नहीं ।<br>• लेखन कौशल ही मूल्यांकन का आधार, पाठ्यक्रम में ऐसी बातें भी शामिल जिसकी व्यावहारिक जीवन में प्रासंगिकता नहीं ।<br>(ग) • मानव की लगातार बढ़ती आबादी और उसकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों के हर रूप का अतिदोहन ।<br>• पेड़ों–वनों का अत्यधिक कटाव, बारूद का बढ़ता उपयोग, इन कारणों से प्रकृति में विविध रूपों में बढ़ता प्रदूषण । | **2×3 = 6** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (घ) • जापानियों का जीवन अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक और भाग–दौड़ से भरा, अत्यंत व्यस्त जिसके कारण ये मनोरुग्णता के शिकार<br>• चा–नो–यू विधि के कारण उनकी व्यस्ततम दिनचर्या में चैन के कुछ पल, ताकि लोग आत्मनिरीक्षण कर सकें। मानसिक आराम पा सके। | | |
| **9** | | | काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) (iv) मनोबल<br>(ख) (iv) मानसिक रूप से मजबूत होना<br>(ग) (iii) भीषण दुःख<br>(घ) (i) कर्म अनुकूल परिणाम न मिलना<br>(ङ) (i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। | **1×5 = 5** | |
| **10** | | | किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में अपेक्षित –<br>(क) • पर्वतीय प्रदेश में पावस काल, मूसलाधार वर्षा होने पर वर्षा जल की बूँदों के ताल की सतह से टकरा कर वापस ऊपर की ओर उठने के कारण उनका तालाब की सतह पर धुएँ जैसा दिखाई पड़ना।<br>• कवि ने इसे ही तालाब में आग लगने के कारण उठने वाला धुआँ बताया है।<br>• पर्वतीय प्रदेश में वर्षा ऋतु की भयावहता का चित्र खींचा है।<br>(ख) • जीवन का सबसे बड़ा डर मृत्यु परंतु जगत में जन्म लेने वाले हर किसी की मृत्यु निश्चित।<br>• शरीर नश्वर, आत्मा अमर। अच्छे कर्म करके सार्थक मृत्यु को प्राप्त होने वाले की यशगाथा भी अमर।<br>(ग) • जागना–ज्ञान का प्रतीक, स्वयं से दुखी नहीं<br>• संसार की अज्ञानता और नश्वर संसार के प्रति उसके मोह को देखकर दुखी।<br>(घ) • चाकरी में रहकर कृष्ण का सानिध्य प्राप्त करना<br>• दर्शन, सुमिरन और भक्ति का सुख प्राप्त करना | **2×3 = 6** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **11** | | | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित –<br><br>(क) • एकाकीपन और उपेक्षा के शिकार बेबस बुजुर्गों की समस्या<br>• कथन से सहमत । गाँवों की तुलना में शहरों में एकल परिवारों की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण समस्या और अधिक भयावह और चिंताजनक ।<br>• अभी भी गाँवों की सामाजिक संरचना कुछ ऐसी कि लोग एक-दूसरे के सुख-दुख से प्रभावित एवं उसमें शामिल ।<br>(छात्रों के युक्तियुक्त उचित तर्क भी मान्य)<br><br>(ख) • असहमत । अनुशासित करने के लिए कठोर शारीरिक दंड व्यवस्था सर्वथा अनुचित, अप्रभावी ।<br>• बच्चों के कोमल बालमन और तन पर अत्यंत नकारात्मक प्रभाव<br>• बच्चों में पढ़ाई, विद्यालय, अध्यापक तथा व्यवस्था के प्रति अरुचि और आक्रोशपूर्ण व्यवहार का कारण ।<br><br>(ग) • पुस्तकीय ज्ञान पर आधारित सिर्फ लिखित और एक ही लिखित परीक्षा को मूल्यांकन का आधार मानना गलत<br>• बीमारी या अन्य परिस्थितियों के मद्‌दे नज़र पुनः परीक्षा की सुविधा अनिवार्य रूप से शामिल हो ।<br>• शिक्षा में अध्यापकों एवं सहपाठियों से विशेष भावनात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन की उम्मीद और निर्देश साथ ही परिवार की भूमिका भी तय हो ।<br>• पुस्तकीय ज्ञान के मूल्यांकन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों, क्रियाकलापों को भी मूल्यांकन का आधार बनाया जाए ।<br>• छात्रों के अन्य उचित विचार भी स्वीकार्य | **3×2 = 6** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | | **22** |
| **12** | | | किसी एक विषय पर लगभग **120** शब्दों में अनुच्छेद लेखन –<br>• भूमिका – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | **5×1 = 5** | |
| **13** | | | लगभग **100** शब्दों में पत्र लेखन –<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | **5×1 = 5** | |
| **14** | | | लगभग **60** शब्दों में सूचना लेखन –<br>• सूचना का प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – 1 | **4×1 = 4** | |
| **15** | | | लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लेखन –<br>• विषयवस्तु – 1<br>• प्रस्तुति – 1<br>• भाषा – 1 | **3×1 = 3** | |
| **16** | | | लगभग **100** शब्दों में लघुकथा लेखन –<br>• विषयवस्तु – 3<br>• रोचकता – 1<br>• भाषा – 1<br>**अथवा** | **5×1 = 5** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | लगभग **80** शब्दों में ई-मेल लेखन –<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | | |
| | | | **सामान्य निर्देश :** | | |
| | | | सेट-A1 के सामान्य निर्देश के समान । | | |
| | | | **उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु**<br>**खंड – क (अपठित बोध)** | | **14** |
| | **1** | | सेट-A1 के प्रश्न-2 के उत्तर संकेत के समान । | **7** | |
| | **2** | | सेट-A1 के प्रश्न-1 के उत्तर संकेत के समान । | **7** | |
| | | | | | |
| | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | | **16** |
| | **3** | | 'पदबंध' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) अनाथ और बेसहारा जीवन – संज्ञा पदबंध<br>(ख) जब पदबंध का शीर्ष पद क्रियाविशेषण हो और अन्य पद उस पर आश्रित हों । – क्रियाविशेषण पदबंध क्रिया के संपन्न होने की रीति, काल, स्थान और परिमाण का बोध कराते हैं ।<br>(ग) उस कमरे के बाहर – क्रियाविशेषण पदबंध<br>(घ) सदा शोर मचाने वाले तुम – सर्वनाम पदबंध<br>(ङ) कुछ मिलती-जुलती – विशेषण पदबंध | **1×4 = 4** | |
| | **4** | | 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) जैसे ही सुलेमान ने उनकी बातें सुनी थोड़ी दूर पर रुक गए । अथवा जब सुलेमान ने उनकी बातें सुनी तब थोड़ी दूर पर रुक गए । | **1×4 = 4** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (ख) हरिहर काका नाराज़ हो गए और घर से निकल पड़े ।<br>(ग) आसपास हरिहर काका जैसे लोगों के होने पर उनकी सहायता करनी चाहिए । अथवा हरिहर काका जैसे लोगों के आसपास होने पर उनकी सहायता करनी चाहिए ।<br>(घ) परीक्षार्थी स्वयं मिश्र वाक्य का एक उपयुक्त उदाहरण लिखेंगे ।<br>(ङ) मिश्र वाक्य | | |
| | **5** | | ‘समास’ पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) आजीवन – अव्ययीभाव समास<br>(ख) षड् (छह) है आनन जिसके अर्थात भगवान कार्तिकेय – बहुव्रीहि समास<br>(ग) उत्तर पद – कर्मधारय समास<br>(घ) नीला है जो गगन या नीला गगन – कर्मधारय समास<br>(ङ) पंचतत्त्व – द्विगु समास | **1×4 = 4** | |
| | **6** | | ‘मुहावरे’ पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) आवाज़ उठाना<br>(ख) बहुत अधिक मान सम्मान देना – परीक्षार्थी मुहावरे का पाठ के संदर्भ में प्रयोग कर स्वयं उपयुक्त वाक्य बनाएँगे ।<br>(ग) धूल चटाना – बुरी तरह परास्त करना<br>धूल फाँकना – दर-दर की ठोकरें खाना<br>(घ) दिल में उतर जाना – मुहावरे का वाक्य में प्रयोग परीक्षार्थी स्वयं करेंगे ।<br>(ङ) जले पर नमक छिड़कना | **1×4 = 4** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **खंड – ग** | | |
| | | | **(पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)** | | **28** |
| | **7** | | सेट–A1 के प्रश्न–9 के उत्तर संकेत के समान । | **1×5 = 5** | |
| | | | | | |
| | **8** | | सेट–A1 के प्रश्न–10 के उत्तर संकेत के समान । | **2×3 = 6** | |
| | | | | | |
| | **9** | | सेट–A1 के प्रश्न–7 के उत्तर संकेत के समान । | **1×5 = 5** | |
| | | | | | |
| | **10** | | सेट–A1 के प्रश्न–8 के उत्तर संकेत के समान । | **2×3 = 6** | |
| | | | | | |
| | **11** | | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित – | **3×2 = 6** | |
| | | | (क) • अपनी व्यस्त दिनचर्या में से थोड़ा समय निकालकर, उनके साथ व्यतीत करना ।<br>• धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं को सुनना, निराकरण की कोशिश करना, उनका मनोबल बढ़ाना ।<br>• स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ उनको जोड़ना ।<br>• जरूरतमंद बुजुर्गों की यथासंभव आर्थिक सहायता करना ।<br>• बुजुर्ग रोगियों की सेवा करना ।<br>• अपने साथी मित्रों को भी इस कार्य में सहयोग के लिए प्रेरित करना । | **3** | |
| | | | (ख) • टोपी के घरवाले, विशेष रूप से उसकी दादी, जाने–अनजाने ही सही उसके साथ भेदभाव किया करते थे । जैसे सर्दियों में सबके लिए नए कपड़े बनने पर भी उसके लिए नया कोट न बनना । | **2+1** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | • भरे-पूरे घर में वह उपेक्षित था, उसकी भावनाओं को समझने वाला कोई नहीं था, कारण-अकारण वह डाँट खाता था। पढ़ाई करने के लिए भी उचित समय नहीं मिलता था।<br>• प्रश्न के दूसरे भाग के लिए छात्रों के उचित निजी विचार स्वीकार्य<br>यथा : हम अपनी माँ के साथ अपनी समस्याओं या भावनाओं को बाँटते। उन्हें पिताजी या दादी को समझाने के लिए कहते।<br>(ग) • सर्वथा अनुचित<br>• ओमा कक्षा का वह शरारती बच्चा था जिसकी पढ़ाई में कोई रुचि नहीं थी। वह अनुशासनहीन छात्र था और उसके मन में किसी का भय नहीं था, आदर नहीं था।<br>• इस प्रकार के बच्चों को अपना आदर्श बनाना, उनके जैसा बनने की कल्पना करना, बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए अनुचित है। योजनाबद्ध तरीके से काम करने के स्थान पर काम को टालने की प्रवृत्ति को महत्त्व देना बच्चों और समाज के लिए अहितकर है।<br>नोट : छात्रों के उचित निजी विचार भी स्वीकार्य | 3 | |
| | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | | **22** |
| | **12** | | सेट-A1 के प्रश्न-13 के मूल्यांकन बिंदु के समान। | **5×1 = 5** | |
| | **13** | | सेट-A1 के प्रश्न-12 के मूल्यांकन बिंदु के समान। | **5×1 = 5** | |
| | **14** | | सेट-A1 के प्रश्न-16 के मूल्यांकन बिंदु के समान। | **5×1 = 5** | |
| | **15** | | सेट-A1 के प्रश्न-15 के मूल्यांकन बिंदु के समान। | **3×1 = 3** | |
| | **16** | | सेट-A1 के प्रश्न-14 के मूल्यांकन बिंदु के समान। | **4×1 = 4** | |
| | | | | | |
| | | | **सामान्य निर्देश :** | | |
| | | | सेट-A1 के सामान्य निर्देश के समान। | | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **उत्तर संकेत / मूल्य बिंदु**<br>**खंड – क (अपठित बोध)** | | **14** |
| | | **1** | सेट–A1 के प्रश्न–1 के उत्तर संकेत के समान । | | **7** |
| | | **2** | सेट–A1 के प्रश्न–2 के उत्तर संकेत के समान । | | **7** |
| | | | | | |
| | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | | **16** |
| | | **3** | 'पदबंध' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) बिलकुल अनपढ़ व्यक्ति – संज्ञा पदबंध<br>(ख) हमेशा मेरे साथ खेलने वाले तुम – सर्वनाम पदबंध<br>(ग) जब पदबंध का शीर्ष पद विशेषण हो और अन्य पद उस पर आश्रित हों । संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता को दर्शाने वाला<br>(घ) क्रियाविशेषण पदबंध – ठाकुरबारी के चारों तरफ<br>(ङ) विशेषण पदबंध – एक प्राचीन–प्रचलित | **1×4 = 4** | |
| | | **4** | 'रचना के आधार पर वाक्य–भेद' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) क्योंकि क्रोध का शमन करने की कोई राह नही सूझी इसलिए उसका हाथ तलवार / जब कोई राह न सूझी तब क्रोध का शमन करने के लिए उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका / जब क्रोध का शमन करने की कोई राह नहीं सूझी तब उसका हाथ तलवार की मूठ पर जा टिका ।<br>(ख) दोनों कबूतर अब खिड़की के बाहर हैं और रात–भर उदास और खामोश बैंठे रहते हैं ।<br>(ग) सरल वाक्य<br>(घ) परीक्षार्थी स्वयं संयुक्त वाक्य का एक उपयुक्त उदाहरण लिखेंगे ।<br>(ङ) उस छह मंजिली इमारत के छत पर एक सुंदर पर्णकुटी थी । | **1×4 = 4** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | 'समास' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) प्रतिमाह – अव्ययीभाव समास<br>(ख) वीणा है पाणि में जिसके अर्थात माँ सरस्वती – बहुव्रीहि समास<br>(ग) उत्तर पद प्रधान – तत्पुरुष समास<br>(घ) महान है जो उद्‌धि – महोदधि – कर्मधारय समास<br>(ङ) कर्मरत – तत्पुरूष समास | **1×4 = 4** | |
| | | 6 | 'मुहावरे' पर आधारित किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –<br>(क) आँखों में धूल झोंककर<br>(ख) हर समय खतरा मंडराना – परीक्षार्थी स्वयं पठित पाठों के संदर्भ में मुहावरे से एक उपयुक्त वाक्य बनाएँगे ।<br>(ग) अक्ल का दुश्मन – मूर्ख व्यक्ति<br>अक्ल चकराना – कुछ समझ न आना<br>(घ) दूध की मक्खी हो जाना–व्यर्थ की वस्तु/अप्रासंगिक हो जाना । – मुहावरे का प्रयोग कर परीक्षार्थी स्वयं एक वाक्य बनाएँगे ।<br>(ङ) दिल मसोसकर रह जाना – मुहावरे का वाक्य में उपयुक्त प्रयोग परीक्षार्थी द्‌वारा स्वयं किया जाएगा । | **1×4 = 4** | |
| | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्‌यपुस्तक एवं पूरक पाठ्‌यपुस्तक)** | | **28** |
| | | 7 | सेट–A1 के प्रश्न–8 के उत्तर संकेत के समान । | **2×3 = 6** | |
| | | | | | |
| | | 8 | सेट–A1 के प्रश्न–7 के उत्तर संकेत के समान । | **1×5 = 5** | |
| | | | | | |
| | | 9 | सेट–A1 के प्रश्न–10 के उत्तर संकेत के समान । | **2×3 = 6** | |
| | | | | | |
| | | 10 | सेट–A1 के प्रश्न–9 के उत्तर संकेत के समान । | **1×5 = 5** | |
| | | | | | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **11** | पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में अपेक्षित –<br>(क) • किसी भी कारणवश भोजन की बरबादी सर्वथा अनुचित ।<br>• हरिहर काका की ऐसी प्रतिक्रिया उनकी शारीरिक–मानसिक स्थिति की दृष्टि से उचित ।<br>• घर के बड़े–बुजुर्ग का इस प्रकार का व्यवहार अशोभनीय ।<br>• अकेलेपन के शिकार अपने भाइयों के परिवार द्वारा बीमारी की हालत में भी उपेक्षित ।<br>• परिवार का उनके प्रति व्यवहार अत्यंत भेदभावयुक्त<br>• अपने प्रति परिवार वालों की उपेक्षा के बारे में अपने भाइयों तथा परिवार के अन्य सदस्यों से बात करना अधिक उपयुक्त तरीका ।<br>(ख) • पीटी मास्टर के गुस्सैल स्वभाव, छोटी–छोटी बातों पर कठोर दंड देने की आदत के कारण सभी बच्चों के मन में उनके प्रति भय ।<br>• पीटी मास्टर के कारण ही विद्यालय और पढ़ाई संबंधी विशेषकर 'स्काउट' में अच्छा करने की प्रेरणा ।<br>• पीटी मास्टर से अपने लिए शाबाश सुनने की इच्छा बच्चों के लिए सही और अधिक सीखने हेतु मुख्य प्रेरणा स्रोत ।<br>(ग) • पहले से ही कमज़ोर आत्मबल का और कमज़ोर ।<br>• कक्षा और विद्यालय में अध्यापकों और सहपाठियों द्वारा अपमान और उपहास का शिकार । इससे मन में शर्मिंदगी और आत्मग्लानि ।<br>• एकाग्रता में कमी, इसी कारण पढ़ाई में मन न लगना ।<br>• एकाकीपन और आत्मकेंद्रित । | **3×2 = 6** | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | | **22** |
| | | **12** | सेट–A1 के प्रश्न–15 के मूल्यांकन बिंदु के समान । | **3×1 = 3** | |
| | | **13** | सेट–A1 के प्रश्न–14 के मूल्यांकन बिंदु के समान । | **4×1 = 4** | |
| | | **14** | सेट–A1 के प्रश्न–12 के मूल्यांकन बिंदु के समान । | **5×1 = 5** | |
| | | **15** | सेट–A1 के प्रश्न–13 के मूल्यांकन बिंदु के समान । | **5×1 = 5** | |
| | | **16** | सेट–A1 के प्रश्न–16 के मूल्यांकन बिंदु के समान । | **5×1 = 5** | |
| | | | | | |



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in